प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

प्रधानमंत्री शताब्दी समारोह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में भारत के दो महान आध्यात्मिक और नैतिक गुरु, श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक वार्तालाप के शताब्दी समारोह का शुभारंभ करेंगे। यह समारोह आध्यात्मिक गुरुओं और अन्य सदस्यों को एक साथ लाएगा, ताकि लोग उनके दूरदर्शी संवाद सुन सकें और उन्हें याद कर सकें।

सीएम

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर भाखड़ा–ब्यास प्रबंधन बोर्ड की सभी परियोजनाओं से हिमाचल को 12 प्रतिशत मुफ्त बिजली देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत सभी जल विद्युत परियोजनाएं मुफ्त बिजली उपलब्ध करवा रही है जबकि बीबीएमबी परियोजनाएं राज्य को कोई मुफ्त बिजली नहीं दे रही है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि हिमाचल को उसका जायज़ हक नहीं मिलने से बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर को लिखे एक अन्य पत्र में एसजेवीएनएल को नाथपा झाकड़ी पावर प्रोजेक्ट से स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के लिए एक प्रतिशत अतिरिक्त मुफ्त बिजली प्रदान करने का आग्रह किया है।

त्रिलोक कपूर

भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने बताया कि कल 25 जून आपातकाल के 50 वर्ष पूरा होने पर पार्टी कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है।

अधिक ब्योरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता

डिस्पैच *भाजपा 25 जून आपातकाल के 50 वर्ष पूरा होने पर पार्टी कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इसके तहत 26 जून को शिमला में केंद्रीय अल्पसंख्यक एवं संसदीय मामले मंत्री किरण रिजिजू उपस्थित रहेंगे। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार धर्मशाला में 25 जून को केंद्रीय सहकारिता सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर विभिन्न कार्यकर्ताओं को दायित्व दिए गए हैं।*

*इस दौरान कार्यक्रम में पौधारोपण, प्रैस वार्ता, काल्पनिक संसद का उद्घाटन और सेमिनार एवं लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान शामिल है। आकाशवाणी शिमला से मै योगराश शर्मा*

पैराग्लाइडिंग

चम्बा जिला की जनजातीय पांगी घाटी के सुराल में पैराग्लाइडिंग की उड़ान का आगाज कल हुआ। अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतीय अध्ययन संस्थान मनाली के उपनिर्देशक रोहित और आवासीय आयुक्त पांगी रमन घरसंघी ने पैराग्लाइडिंग साइट का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि पिछले साल पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन खाजियार और पांगी पर्यटन दल ने कई स्थानों पर पैराग्लाइडिंग की संभावनाएं तलाशी थीं, जिसमें सुराल में सफल ट्रायल हुआ था। इस अवसर पर आवासीय आयुक्त पांगी रमन घरसंगी ने कहा कि सुराल घाटी में पैरागालिडिंग का सफल ट्रायल किया गया और आने वाले समय में पांगी को पर्यटन के लिहाज से विकसित करने में कारगर साबित होगा।

*यहां पैराग्लाइडिंग के लिए ट्रायल किया अभी हमारे पायलटस ने उन्होंने अपने इनपुट दिए हैं इसके हिसाब से यह बहुत ही अच्छी लोकेशन है यहां अच्छी फलाइट हो सकती है क्योंकि ये अभी एक स्टेप है पांगी घाटी में पर्यटन को और बढ़ाने के लिए मैं उम्मीद करता हूं कि आने वाले समय में और एडवेंचर एक्टीविटी का पदार्पण होगा। और इसीलिए आज ट्रायल हुआ है अभी शीघ्र ही ये रिपोर्ट बनेगी जो साइट की फिजिबलिटी रिपोर्ट बनती है मैं उम्मीद करता हूं कि उसको जल्दी नोटिफाई कर दिया जाएगा और यहां जल्द पैराग्लाइडिंग शुरू कर दी जाएगी।*

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। हालांकि मैदानी जिलों में उमस भरी गर्मी का दौर लगातार जारी है।

डिस्पैच *प्रदेश में मौसम विभाग ने कुछ दिनों के लिए भारी से भारी बारिश होने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग शिमला के अनुसार प्रदेश में 25 जून से मानसून रफ्तार पकड़नी शुरू कर देगा। 25 से 27 जून के बीच बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। इन तीन दिनों के दौरान ऊना, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, सिरमौर व बिलासपुर में बहुत ज्यादा बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट है। शेष जिलों के लिए केंद्र ने यलो अलर्ट जारी किया है। राज्य में 27 व 28 जून को भी अनेक स्थानों पर बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया जा रहा है। बारिश होने के चलते नदी—नालों में जलस्तर काफी बढ़ गया है। ऐसे में प्रशासन द्वारा स्थानीय लोगों और पर्यटकों को भूस्खलन संभावित क्षेत्रों व नदी नालों के आसपास न जाने की सलाह दी गई है।*

सुर्खियां समाचार पत्रों से...

आज समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान को प्रमुखता दी है। अमर उजाला के शब्द हैं हिमाचल को बी बी एम बी प्रोजेक्टों से मिले 12 प्रतिशत, मुफत बिजली, सीएम ने पीएम को लिखा पत्र। पंजाब केसरी ने लिखा है सरकार ने बी बी एम बी परियोजनाओं में मांगी 12 फीसदी हिस्सेदारी।

3 से 12 हजार तक होगी होमस्टे रजिस्ट्रेशन फीस शीर्षक से हिमाचल दस्तक ने लिखा है हिमाचल प्रदेश होमस्टे 2025 रूल्स अधिसूचित।

दैनिक भास्कर के अनुसार मंत्रिमंडल बैठक 28 जून को निगमों व बोर्डों में भर्ती पर हो सकता है फैसला।